हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार, 24 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 25.1 डिग्री
न्यूनतम 9.4 डिग्री

11 हैप्पी स्कूल में गणित, विज्ञान व सामाजिक प्रदर्शनी का आयोजन



12 यूपी विप अध्यक्ष व सदस्यों ने प्रयागराज में महामृत्युंजय यंत्र के किए दर्शन



## खबर संक्षेप

### दो किलो 71 ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**नारनौंद।** पुलिस ने दो किलो 71 ग्राम गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान दीपक उर्फ सायमंड निवासी वार्ड नंबर 13 नारनौंद के रूप में हुई है। नारनौंद पुलिस को गुप्त सुचना मिली थी एक व्यक्ति बाल्मीकि बस्ती वार्ड नंबर 10 नारनौंद में नशीला पदार्थ लिए हुए है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर छापा मारा। घटना के दौरान एक युवक पुलिस को दूर से देखकर थैला को छोड़कर भाग गया था। थैली की तलाशी ली तो थैली के अंदर से नशीला पदार्थ दो किलो 71 ग्राम गांजा व आरोपित युवक का मोबाइल फोन बरामद हुआ। इसी मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### अवैध शराब की 11 बोतल के साथ एक काबू

**हांसी।** बास पुलिस ने 11 बोतल अवैध देशी शराब की 11 बोतल के साथ बास खुर्द निवासी जय भगवान को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाना बास पुलिस ने गश्त पड़ताल दौरान शक के आधार पर एक व्यक्ति की तलाशी ली तो उसके पास 11 बोतल अवैध देशी शराब बरामद हुई। आरोपी को अवैध सहित गिरफ्तार कर उसके खिलाफ शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया।

### दुकान से नकदी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** बालसमंद चौकी पुलिस ने परचून की दुकान से नकदी चोरी के मामले में गांव के ही राजेश को गिरफ्तार किया है। एएसआई जसवंत सिंह ने बताया कि उक्त आरोपी राजेश ने गांव बालसमंद स्थित परचून की दुकान से 6 हजार रुपए के लगभग नकदी चोरी की थी। इसके बारे में बालसमंद पुलिस चौकी में परचून दुकान संचालक गांव बालसमंद निवासी राहुल ने शिकायत दी थी। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सीसवाल में 3 दिवसीय कार्यक्रम आज से

**आदमपुर।** गांव सीसवाल के प्राचीन शिवालय धाम में महाशिवरात्रि पर तीन दिवसीय कार्यक्रम होगा। मंदिर कमेटी प्रधान घीसाराम जैन व मेला संयोजक राकेश शर्मा ने बताया कि बुधवार 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के चलते सोमवार व मंगलवार को इंदौर से आए श्रद्धालुओं द्वारा बाबा का अर्धनारीश्वर रूप में श्रृंगार किया जायेगा। वहीं बुधवार को जलाभिषेक व विशाल मेले का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में लक्ष्मीनारायण गोयल मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे जबकि अध्यक्षता रामबिलास गोयल की होगी। वहीं रामदेव तायल, सुरेंद्र जैन, सुयश पाल, घनश्याम राठी व घनश्याम गर्ग विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### बुडाना दोहरे हत्याकांड को लेकर हुई महापंचायत में बड़ा खुलासा

# रेप के बाद की गई थी कृष्णा की हत्या अब पुलिस के खिलाफ जाएंगे कोर्ट

चार माह बाद ग्रामीणों का न्याय धरना समाप्त, बाकी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग का प्रस्ताव किया पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



**नारनौंद।** गांव बुडाना में आयोजित महापंचायत को संबोधित करते वक्ता। *फोटो : हरिभूमि।*

करीब चार महीने पहले बुडाना गांव में दोहरा हत्याकांड हो गया था। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए गांव के ही एक नाबालिग युवक और एक अन्य युवक को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट ग्रामीण लगातार न्याय के लिए धरना दे रहे थे। डीजीपी से मिलने के बाद इसकी जांच एसआईटी को सौंप दिया था।

गांव बुडाना में पांच नवंबर 2024 को गांव के ही 60 वर्षीय जयबीर की हत्या करके उसके शव को कुएं में फेंक दिया गया था। पुलिस ने गांव के कुछ युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था, लेकिन पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया था। हत्या वाले ही दिन किसी अन्य युवक के झगड़ा करने के मामले में मुख्य आरोपित को पुलिस ने ही हिरासत में लिया था। उसे भी पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया था। 16 नवंबर को उसने गांव के स्टेडियम में 55 वर्षीय कृष्णा की हत्या कर दी थी। दो हत्याकांड होने से गांव में सन्नाटा फैल गया था कि कौन ऐसा खेल खेल रहा है। ग्रामीणों ने नारनौंद थाने का घेराव किया तो उसके बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया। एसपी ने तीन चार टीमों का गठन करके इस मामले का जल्द से जल्द पर्दाफाश करने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए गांव के ही अनूप और एक अन्य नाबालिग युवक सहित कुछ अन्य को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया।

बुडाना गांव निवासी अनूप व एक अन्य नाबालिग युवक ने इन दोनों की हत्या करने की बात कबूली। आरोप है, कि पुलिस ने दोनों आरोपितों के प्रति नरमी बरतते हुए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। जिससे ग्रामीण नाराज हो गए और गांव में ही धरने पर बैठ गए थे। कमेटी के सदस्य शिक्षा विभाग से रिटायर्ड संयुक्त निदेशक जयबीर सिंह व संदीप भारती ने बताया कि ग्रामीण मुख्यमंत्री व डीजीपी से मिले, इसके बाद एसआईटी का गठन किया और मामले की जांच उनको सौंप दी। हांसी पुलिस ने 18 नवंबर से 3 जनवरी तक इस विसरा रिपोर्ट को जांच के लिए भी नहीं भेजा। जब जांच एसआईटी को सौंपी तो उसके बाद विसरा रिपोर्ट भेजा गया। एसआईटी ने इस मामले की बारीकियों से जांच करते हुए विसरा रिपोर्ट की जांच के बाद जो रिपोर्ट आई तो उसमें चौंकाने वाले रहस्य सामने आए। उसमें पाया गया कि मरने से पहले कृष्णा के साथ बलात्कार किया गया था। एसआईटी ने जो चार्जशीट जमा करवाई हैं, उसमें इस मामले में अन्य रेप सहित अन्य धाराएं जोड़ दी गई है। इसके अलावा धारा 120 के तहत तीन अन्य लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया है लेकिन अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

#### 31 सदस्यीय कमेटी का गठन

प्रमुख समाजसेवी मास्टर चंद्र प्रकाश ने धरने की समाप्ति की घोषणा की और कहा कि 31 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई है जो सरकार और एसआईटी से मिलकर सहयोग करेगी।चेताया गया कि प्रशासन की तरफ से कोई भी कोताही बरती गई तो दोबारा से धरना शुरू करके सरकार के साथ आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

#### बिसरा रिपोर्ट के आधार पर खुलसा

विसरा रिपोर्ट के आधार पर महापंचायत में खुलासा किया कि आरोपितों ने कृष्णा की हत्या से पहले उसके साथ बलात्कार किया था। एसआईटी ने बलात्कार की धाराओं जोड़कर तीन अन्य को धारा 120 में शामिल कर उन पर मामला दर्ज कर लिया है। जल्द ही उनको पकड़ लिया जाएगा। इसी को लेकर रविवार को गांव बुडाना में महापंचायत का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सरपंच कपिल ढांडा ने की।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सरपंच कपिल धनौरी, सुनील आर्य, दिलबाग सिंह ढांडा, कांग्रेसी नेता राजवीर संधू, अमित सिवाच, छात्र नेता रविकांत, बिंदर नंबरदार, सुरेश धनोरी, रामफल राखी, चरण सिंह ढांडा, सुनील बुडाना, जगबीर मतलोढा, प्रेम पंडित दलवीर खरब, लीला प्रधान, इत्यादि विशेष तौर पर मौजूद थे।

### पांच साल से फरार चल रहा हत्या प्रयास का आरोपी इनामी बदमाश गिरफ्तार

**हांसी।** स्पेशल स्टाफ पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में पांच साल से फरार चल रहे पांच हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मुल्तान कालोनी निवासी दीपक के रूप में हुई है। प्रवक्ता कुलदीप सिंह ने बताया कि 2020 में चिंटू पंडित व दीपक ने एक दूसरे की हत्या करने के नीयत से एक दूसरे पर फायरिंग की थी। इस संदर्भ में पुलिस ने चिंटू की शिकायत पर मामला दर्ज किया था लेकिन वारदात के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। इसके बाद पुलिस द्वारा आरोपी पर पांच हजार का ईनाम रखा गया था। स्पेशल स्टाफ पुलिस ने शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में पुलिस एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

### दुकान से सामान चोरी का आरोपी काबू, चोरी का सामान बरामद

**हिसार।** नई सब्जी मंडी चौकी पुलिस ने बेल्डिंग की दुकान से सामान चोरी के मामले में बहबलपुर निवासी अभिषेक उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा सामान बरामद किया है। एचसी मनोज कुमार ने बताया कि नई सब्जी मंडी चौकी में गांव बुगाना निवासी सुरेंद्र ने उसकी मिलगेट रोड स्थित बेल्डिंग की दुकान से सामान चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि उसने मिलगेट रोड पर दुकान किराए पर ले रखी है और बेल्डिंग का काम करता है।

वह पिछले 15 दिन से दुकान पर नहीं आया और 10 फरवरी को जब वह दुकान पर आया तो दुकान का ताला टूटा हुआ मिला और दुकान से बेल्डिंग सैट बर्मा मशीन, एक तख्त, कांता कंप्रेशर सहित सामान गायब मिला। पुलिस ने दी गई शिकायत पर केस दर्ज करके छानबीन करते हुए उपरोक्त आरोपी अभिषेक उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा सामान बरामद करके उसे अदालत में पेश किया, जहां से कोर्ट ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## हिसार की महिला हॉकी टीम प्रदेश सीनियर वर्ग में रही रनरअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- सोनीपत से 2-0 से हारी हिसार की टीम

शहर के एस्ट्रोटफ मैदान में हुई हरियाणा राज्य महिला हॉकी प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में रनर अप रही। फाइनल मुकाबले शाम को हुए। जिसमें सोनीपत की टीम 2-0 से हिसार को हराकर चैंपियन बन गई। कुरूक्षेत्र की टीम तीसने व फतेहाबाद की टीम चौथे स्थान पर रही। रविवार सुबह पहले सेमीफाइनल मैच हुआ।

जिसमें हिसार ने कुरुक्षेत्र को 8 के मुकाबले 0 से हराया जबकि दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में सोनीपत ने फतेहाबाद को 6-0 से पराजित कर दिया।। सीनियर हॉकी कोच आजाद मलिक के अनुसार प्रतियोगिता में हिसार ऑवरआल चैंपियन बना है। जूनियर और सब जूनियर वर्ग में हिसार की टीम सोनीपत को हराकर चैंपियन बनी थी परंतु सीनियर वर्ग में हिसार की टीम को रजत पदक ही मिल पाया।

## दुकान में घुसी कार, लाखों का नुकसान

**बरवाला।** बीती रात्रि बिजली बोर्ड के समीप टैक्सी स्टेंड पर स्थित एक मोबाइल की दुकान में तेज रफ्तार से अज्ञात गाड़ी घुस गई जिससे मोबाइल दुकानदार को लाखों का नुकसान हो गया। पुलिस ने मौके का जायजालेकर गाड़ी को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की। शिव मोबाइल के संचालक दिनेश कुमार ने बताया कि वो शनिवार शाम साढ़े 7 बजे अपनी दुकान को सही सलामत बंद कर घर गया। रात साढ़े 11 बजे फोन पर सूचना के बाद दुकान पर आया तो दुकान के अंदर एक गाड़ी घुसी हुई है। गाड़ी दुकान का शटर व शीशे का गेट तोड़कर दुकान के अंदर घुसी हुई थी। गाड़ी के दुकान के अंदर घुसने से मोबाइल, शटर, शीशे व काउंटर की टूट फूट होने से लगभग चार लाख का नुकसान हो गया है। गाड़ी में दो युवक और एक महिला सवार थी और दोनों युवक शराब के नशे में चूर थे। दुकानदार दिनेश कुमार ने प्रशासन से दुकान में हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई करवाए जाने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है ताकि दुकान को सुचारू रूप से चलाया जा सके।



- रात साढ़े 11 बजे की घटना, शटर तोड़कर घुसी कार।

**बरवाला।** मोबाइल दुकानदार घटना की जानकारी देते हुए।

## आर्यनगर में पेट्रोल पंप के पास से चोरी ट्रक यूपी के कौशांबी से बरामद



**हिसार।** आजाद नगर पुलिस ने पिछले वर्ष 29 मार्च को आर्य नगर स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास से चोरी हुए ट्रक को उत्तर प्रदेश के कौशांबी से बरामद किया है। पुलिस अब ट्रक चोरों की तलाश कर रही हैं। एचसी रमेश कुमार ने बताया कि 30 मार्च 2024 को आजाद नगर थाना में आर्य नगर स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास से ट्रक चोरी होने के बारे में शिकायत मिली। इसमें शिकायतकर्ता गांव मोहब्बतपुर निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि 29 मार्च को उसने अपना ट्रक भारत पेट्रोल पंप के पास खड़ा किया था जो अगले दिन सुबह वहां नहीं मिला। पुलिस जांच के दौरान चोरीशुदा ट्रक के कौशांबी में होने के बारे सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम ने कौशांबी में छापा मारकर चोरीशुदा ट्रक कौशांबी के कोखराज से बरामद किया। आरोपी की तलाश जारी है।

## स्वयंसेवकों ने गंगवा गांव में किया सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज की एनएसएस इकाई के गांव गंगवा में चल रहे साप्ताहिक विशेष शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने गांव में सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण का उद्देश्य ग्रामीणों की सामाजिक, शैक्षणिक तथा अन्य समस्याओं को समझना रहा। दोपहर के सत्र में स्वयंसेवकों ने गांव में नशा उन्मूलन के लिए एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली को गांव के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य ने हरी झंडी देकर स्कूल परिसर से रवाना किया।




**हिसार।** गंगवा गांव में एनएनएस शिविर के दौरान स्वयंसेवक।

सायंकालीन सत्र मे एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें करियर काउंसलर आर.सी.पूनिया ने स्वयंसेवकों को रोजगार विकल्पों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्वयंसेवकों से जीवन में लक्ष्य निर्धारण करने का आह्वान किया।

### आदमपुर में 24वां श्रीश्याम अखाड़ा महोत्सव आज

**आदमपुर।** श्रीश्याम मित्र मंडल एवं सेवा समिति की ओर से 24 फरवरी को 24वां श्री श्याम अखाड़ा महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। समिति अध्यक्ष सुरेंद्र गर्ग ने बताया कि खाटू श्याम निज मंदिर के पुजारी श्याम सिंह चौहान के सान्निध्य में क्लाथ मार्केट मैदान में होने वाले कार्यक्रम में कलकत्ता से नितेश शर्मा गोलू, जयपुर से आयुष सोमानी, खाटू श्याम से ईमरान अली सहित अनेक अन्य भजन गायक कलाकार बाबा की महिमा का गुणगाण करेंगे। उन्होंने बताया कि शाम सवा छह बजे पूजा आरंभ होने के बाद सवा सात बजे ज्योति प्रज्जवलित की जाएगी एवं सवा आठ बजे से श्याम तिलक के साथ जागरण का शुभारंभ किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान बाबा का भव्य दरबार, पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा, छप्पन भोग व खिचड़े का प्रसाद मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

## कैमरी रोड महिला मोक्ष आश्रम के साथ से गुजर रही बिजली की नंगी तारों से खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

कैमरी रोड स्थित मोक्ष महिला आश्रम के साथ लगते बिजली के ट्रांसफार्मर से बिजली की काफी नंगी तारें लटकी हुई है जो आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों व अशक्तों के साथ कभी भी बड़े हादसे का सबब बन सकता है।

हिसार बार एसोसिएशन के पूर्व उप प्रधान एडवोकेट अनिल श्योराण ने बताया कि रविवार को वह अपने साथियों के साथ मोक्ष महिला आश्रम के समीप पहुंचे तो बिजली की नंगी तारों को देखकर अधिकारियों की लापरवाह कार्यप्रणाली सामने आई। उन्होंने जिला प्रशासन से अपील की है कि आश्रम के समीप के ट्रांसफार्मर के साथ जमीन को छूती हुई नंगी तारें लटकी हुई है। इसको तुरंत दुरुत करवाया जाए अन्यथा कोर्ठ बड़ा हादसा हो सकता है।



## रैली निकालकर दिया पानी बचाने का संदेश



**उकलाना।** जल संरक्षण रैली निकालते निरंकारी मिशन के स्वयंसेवक। *फोटो : हरिभूमि।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना मंडी

निरंकारी मिशन की ओर से निरंकारी माता समीक्षा के आदेश अनुसार उकलाना में आम जन को जागरूक करने के लिए जल संरक्षण रैली निकाली गई। इसमें निरंकारी मिशन से जुड़े सदस्यों ने आमजन को जागरूक करने का काम किया।

उकलाना मुखी संदीप सिंह ने कहा कि निरंकारी मिशन की माता समीक्षा ने पूरे देश में जल संरक्षण तथा स्वच्छता को लेकर आमजन को जागरूक करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि हमें भी इनकी पालना करनी है इस पालन के तहत आमजन में भी यह प्रचार कर रहे हैं कि जल की जितनी आवश्यकता हो उतना ही उपयोग करें आने वाले समय में जल का संकट होगा उससे बचाव के लिए हमें संरक्षण भी करना है। प्रमिला ने कहा कि जल का स्वच्छ होना भी जरूरी है अगर दूषित जल है तो वह हमें बीमारियों को निमंत्रण देता है इसलिए हमें संरक्षण के साथ में जल को स्वच्छ भी रखना है ताकि हमें बीमारियों से मुक्ति मिले। इस मौके पर शिक्षक पवन सेहरा सहित साध संगत मौजूद थी।

### भवन निर्माण मजदूरों का आक्रोश प्रदर्शन कल

# ऑनलाइन प्रणाली ने मजदूरों से अधिकार छीने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भवन निर्माण कामगार यूनियन तहसील कमेटी उकलाना ब्लॉक के यूनिट कमेटी गांव पाबड़ा में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान संदीप ने की जबकि संचालन मुख्य रूप से पवन पाबड़ा ने किया। बैठक में उकलाना सचिव राजबीर ने बताया कि हिसार जिले में शहर और गांवों के कुल मिलाकर भवन निर्माण मजदूर लगभग एक लाख से ज्यादा है।

यूनियन के लम्बे संघर्ष के बावजूद भी ज्यादातर ऑरिजनल मजदूर श्रम कल्याण बोर्ड में पंजीकरण से बाहर है। ऑनलाइन प्रणाली आने के बाद यूनियनों को मजदूरों के 90 दिन के काम को वैरिफाई करने के अधिकार से वंचित कर दिया जिसके बाद श्रम कल्याण बोर्ड के अधिकारी, पंचायत विभाग व सीएससी सैंटरों ने मिलकर बहुत बड़ा फर्जीवाड़ा किया है और श्रम कल्याण बोर्ड में करोड़ो रूपये का चुना लगाया गया है। हरियाणा में फैमली आईडी के नाम पर आम जनता के साथ खेल खेला जा रहा है। रोजाना हजारों की संख्या में लोग दफ्तरों के चक्कर लगा रहे है जिनका कोई हल नहीं निकल रहा है।

हमारा बोर्ड भी इससे अछूता नहीं है। मजदूरों का फैमिली आईडी में कंस्ट्रक्शन वर्कर ना होने के कारण ना तो नया पंजीकरण हो रहा है और ना ही सुविधा मिल रही है। 90 दिनों के काम की वर्क स्लीप को पंचायत विभाग के अधिकारी, पटवारी व श्रम विभाग के अधिकारी भी वैरिफाई कर रहे हैं। उन्होने मांग की कि 90 दिन के काम का अधिकार यूनियनों को दिया जाए। ऑनलाइन के बाद से रोजाना आब्जैक्शन लगाकर मजदूरों को प्रताड़ति किया जा रहा है। इसलिए भवन निर्माण कामगार यूनियन जिला कमेटी ने 25 फरवरी को उपायुक्त कार्यालय पर रोष प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इस मौके पर राजवीर ने गांव लितानी, नया गांव, बिठमड़ा, चमारखेड़ा व खैरी सहित अन्य गांवों में भी बैठक की।



**हिसार।** भवन निर्माण कामगार यूनियन की बैठक को संबोधित करते यूनियन नेता। *फोटो : हरिभूमि।*



## स्वास्थ्यवर्धक है लस्सी

भारतीय ग्रामीण खान-पान में लस्सी खास अहमियत रखती है। लस्सी में कैल्शियम, विटामिन डी, और लैक्टिक एसिड होता है। यह हड्डियों को मजबूत करती है, दांतों का स्वास्थ्य बेहतर करती है, और प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाती है। लस्सी में प्राकृतिक शीतलन गुण होते हैं, जो शरीर के तापमान को कम करने में मदद करते हैं। हालांकि अब ज्यादातर युवा लस्सी के स्थान पर बाजार में बिकने वाली कोल्ड ड्रिंक को महत्व देने लगे हैं, जबकि कोल्ड ड्रिंक स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक पेय पदार्थ है।

# ग्रामीण जनजीवन पर शहरीकरण हावी



- हरियाणवीं रीति-रिवाजों व खानपान पर पड़ रहा आधुनिकता का असर
- यातायात, इंटरनेट, दूरसंचार और वैश्विकरण ने ग्रामीणों के विचारों और कामकाज को किया है प्रभावित



आधुनिकता

राज कुमार नरवाल

हरियाणा में शिक्षा का प्रचार-प्रसार बढ़ा है। सड़कों की हालत में काफी सुधार हुआ है। जगह-जगह नए-नए राष्ट्रीय राजमार्ग बन गए हैं। लोगों को एक जगह से दूसरी जगह पर जाने में अब बहुत ही कम समय लगने लगा है। इंटरनेट व मोबाइल फोन की वजह से हरियाणा के लोग विदेश में बैठे लोगों से भी संपर्क में हैं। पढ़-लिखकर गांवों में रहने वाले परिवारों के बच्चों के विचारों में भी फर्क आया है। वे अब मल्टीनेशनल कंपनियों में काम करने लगे हैं। देश और विदेश में नौकरियां कर रहे हैं।

हरियाणा के गांवों में बसने वाले लोग अब केवल खेती पर ही निर्भर नहीं रहे हैं। सरकारी और प्राइवेट नौकरियों में काम कर रहे हैं। खुद के उद्योग लगा रहे हैं। अब वैश्विकरण का असर हरियाणा के गांवों पर भी पड़ा है। अब कोई भी देश दूर नहीं लगता। देश में हवाई अड्डों की संख्या बढ़ गई है। पहले जहां अपने देश में ही किसी दूसरी जगह पर जाने में कई कई दिन लग जाते थे लेकिन अब कुछ घंटों में ही एक राज्य से दूसरे राज्यों में पहुंच रहे हैं। इस सबका असर गांवों में बसने वाले लोगों पर भी पड़ा है। यहां का खान-पान व रहन-सहन और संस्कृति बदल गए हैं।

यहां पहले वाले रीति-रिवाज भी नहीं रहे। दरअसल, अब गांवों में भी शहरों जैसा ही रहन-सहन और खान-पान हो गया है। विश्वभर में हमारे नौजवान व्यापार व रोजगार के लिए पहुंच रहे हैं। वे विदेशी मेम को शादी करके गांव में ला रहे हैं। लड़कियों की कमी के चलते बहुत से युवाओं की शादी नहीं हो रही। इस कारण यहां के नौजवान बिहार व देश के अन्य राज्यों से बहुएं ला रहे हैं। बाहर से आने वाली इन बहुओं को हरियाणवीं संस्कृति का ज्ञान नहीं है। पढ़ाई के लिए शहरों में जाने वाले युवक-युवतियां अब देसी खान-पान छोड़कर चटपटा खान-पान अपना रहे हैं।

डिब्बाबंद वस्तुओं का प्रचलन बढ़ गया है। हर साल गांवों से कुछ परिवार खेती किसानी और पशुपालन का धंधा छोड़ रहे हैं। पहले गांवों में बसने वाले किसान दूध व घी बेचते नहीं थे। अब गांवों में भी लोगों को घी दूध और लस्सी के लाले पड़ गए हैं। ब्याह शादी व त्योहारों से जुड़े रीति-रिवाज खत्म होते जा रहे हैं। नई परंपराएं शुरू हो रही हैं। पुरानी परंपराएं छूट रही हैं। ब्याह शादी में जो सादा खाना होता था, अब तरह-तरह के पकवान बनने लगे हैं। देसी घी की बजाए अब वनस्पती घी और रिफाइंड का इस्तेमाल ब्याह में पकवान बनाने में होने लगा है।

### डीजे की धमक पर थिरक रहे युवा

शादी के समय शहनाई या परंपरागत बाजा बजाया जाता था। अब नई पीढ़ी डीजे की धमक पर थिरक रही है। गांव में बसने वाले लोग आरामपरस्त हो गए हैं। वे भी एसी गाड़ियों में चलते हैं और गांवों में भी अब वातानुकूलित उपकरण पहुंच गए हैं। शहरों की तरह ही अब लोग घरों में ही रहते हैं। गलियों में एक-दूसरे के पास बैठकर अब कम ही बातचीत करते हैं। गर्मियों में तो गांवों की गलियां पूरी तरह सुनसान रहने लगी हैं। किसी जमाने में गांवों की गलियां दिनभर गुलजार रहती थी। शहरों में पढ़ाई करने वाले नौजवान युवक-युवतियों का आचार-विचार शहरों जैसा ही हो गया है। बहुएं भी पढ़-लिखकर नौकरीपेशा हो गई हैं। इस कारण अब गांवों में महिलाएं खेतों में कम और बाहर नौकरी करने के लिए अधिक संख्या में जाती हैं।

### अब रात को नहीं रुकते रिश्तेदार

छुट्टियों में बच्चे अपनी माताओं के साथ ननिहाल में जाते थे। लेकिन अब बच्चों पर पढ़ाई का इतना बोझ हो गया है कि ट्यूशन आदि के चक्कर में वे ननिहाल नहीं जा पाते। लगभग प्रत्येक व्यक्ति के पास अपना वाहन हो गया है और साफ सुथरे रोड बने हैं। इस वजह से अब लोग अपनी रिश्तेदारी में रुकने की बजाए रात तक अपने घर पहुंचना ही उचित समझते हैं। पहले यातायात साधनों का अभाव था। शाम तक घर लौटना मुमकिन नहीं होता था। अब लोग रिश्तेदारी में नहीं रुकते।

### घर द्वार पर पहुंचने लगा सामान

जरूरत का सामान बेचने वाली कंपनियों ने अब गांवों तक भी अपनी पहुंच बना ली है। सबकुछ सामान की ऑनलाइन बिक्री हो रही है। कूरियर कंपनियों में कार्यरत युवा गांवों में भी सामान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीण कभी-कभार ही सामान लेने के लिए बाजार जाते थे। अब तकरीबन सामान घर के आगे ही बिक्री के लिए पहुंच रहा है। गाड़ियों में लोग आवाज लगाकर सामान बेच रहे हैं। सब्जियां तक वाहनों में घरद्वार पर बिकने लगी हैं।

### शीत-राबड़ी की जगह कोल्ड ड्रिंक

गांवों में दूध, शीत, राबड़ी, दलिया और लाप्सी जैसे खान-पान होते थे। लेकिन अब उनकी जगह कोल्ड ड्रिंक ने ले ली है। बोतलों में विभिन्न कंपनियों के ठंडे पेय पदार्थ अब यहां भी प्रयोग होने लगे हैं। कभी गांव के लोगों को चाय के स्वाद का पता तक नहीं होता था लेकिन अब गांवों के लोग जमकर चाय पीते हैं और कॉफी भी गांवों में पी जाने लगी है।

इसके अतिरिक्त, पहले गांवों में बच्चों के लिए तरह तरह के खेल-तमाशे होते थे। उदाहरण के तौर पर जादू के खेल, बंदर व भालू के खेल और चित्र दिखाने के लिए बारहमन की धोबण आदि अनेक तरह के खेल तमाशे होते थे। अब ये सब खत्म हो गए हैं। बड़ों के लिए सांग, रामलीला और रागनियों के कार्यक्रम होते थे। लेकिन अब वे पुराने कहानी और किस्से सुनने और सुनाने वाले ही नहीं रहे।

कविता

कुमार

## परिवार और समाज



परिवार सै पहली पाठशाला,
संस्कारां की में मिले उजाला।
मां-बाप सिखावें चाल सिधी,
सच्चाई अर मेहनत की रीत गहरी।

परिवार बिना जीवन अधूरा,
हर भी सुख भी लागे मजबूरा।
भाई-बहन का प्यार न्यों,
सावन में बरसात की ज्यों।

बूढ़े दादा-दादी का साया,
उनकी सीख में सब पाया।
वो अनुभव का सच्चा ज्ञान,
रखै परिवार की साख महान।

मिल-जुल रहणा परिवार सिखावे,
बड़ों की इज्जत, छोट्यां तै प्यार करावे।
हर रिश्ते में अपनापन होवे,
दिल में सच्चा सम्मान होवे।

समाज सै इंसान की पहचान,
इसी में बसै सारी शान।
मिलकै रहें, मिलकै बढ़ें,
सुख-दुख में संग रहें।

समाज बिना ना कोई अकेला,
हर कोई लागे एक दूजे का चेला।
बड़े-बुजुर्ग का काम समझावणा,
सच्चे न्याय के राह दिखावणा।

शिक्षा, सेवा अर सहयोग,
समाज में रहकै मिलै ये योग।
नेकी करै अर बात सिधी,
समाज बनावै जिंदगी ऊंची।

एकता, प्रेम अर भाईचारा,
समाज का सच्चा उजियारा।
ईमानदारी अर आदर की डोर,
इसी में बसै समाज का जोर।

जो हो परिवार समाज का संग,
तो 'कुमार' जिंदगी स मीठा रंग।
इनके बिना अधूरा जीवन,
इनमें ही सच्चा सुख-दर्शन।

रागनी

सत्यवीर नाहड़िया

## हरियाणे की बोली धाकड़...



भास्सा बरगी भोत पुराणी,जाणै दुनिया सारी।
हरियाणे की बोल्ली धाकड़,जग म्हं गुँज्जै न्यारी।।

कोय हरियाणवी कह दे अर कह कोये हरयाणी।
जितनी बोल्ली सैं दुनिया म्हं,उन म्हं आग्गै पाणी।
गीत-रागणी कथा-कहाणी,छप ल्यी इस म्हं भारी।
हरियाणे की बोल्ली धाकड़,जग म्हं गुँज्जै न्यारी।।

जुगां-जुगां तै इस बोल्ली नै,चोक्खी साख बणाई।
बोल्लीवुड लग इस बोल्ली नै,अपणी धाक जमाई।
हिंदी माई की या माई,न्यूँ नान्नी सै म्हारी।
हरियाणे की बोल्ली धाकड़,जग म्हं गुँज्जै न्यारी।।

कितै बाँगरू कितै बागड़ी,रूप खादरी ध्यावै।
कितै मिवाती कितै कौरवी,कितै बिरज रै छावै।
कितै हीरबाट्टी रै पावै,लटक सभी की प्यारी।
हरियाणे की बोल्ली धाकड़, जग म्हं गुँज्जै न्यारी।।

साँग निराळे इस म्हं गुँज्जे,आज तलक न्यूँ कड़कै।
भास्सा बणकै रह या बोल्ली,आज नहीं तै तड़कै।
कह 'नाहड़िया' दिल म्हं धड़कै,माँ-बोल्ली लयकारी।
हरियाणे की बोल्ली धाकड़,जग म्हं गुँज्जै न्यारी।।

कविता

डा. विकास यशकीर्ति

## विश्व कै नक्शै पै छाया



देवभूमि सै या म्हारी,
सै हरि का आणा जाणा।
विश्व कै नक्शै पै छाया,
सै मेरा प्यारा हरियाणा।।

शान आपणी बोरला सै,
और बावन गज का दामण।
नाक तोड़े सासुआ का,
झूल कै हाम पूरा सामण।
वेद आयुर्वेद म्हारा ही रहा मंतर पुराणा।।
विश्व कै नक्शे पे...

बांध कै ऊंची सी पगड़ी,
हाथ मैं ले कै नै लाठी।
जूतियां की चरचराहट,
लांबी तगड़ी कद ओ काठी।।
देख कै नै म्हारा टोरा,
कौन लांघेगा सीमाणा।।
विश्व कै नक्शे पे...

मोरनी हिल स्वर्ग जैसी,
बण गई पहचान आपणी।
बन गई कुरुक्षेत्र नगरी,
आन बानो शान आपणी।।
युग युगा सै ही रहा सै,
देवताओं का ठिकाणा।।
विश्व के नक्शे पै सै छाया...

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

इतिहास

**मराठों ने अपने विश्वासपात्र सैन्य अधिकारी आयरलैंड वासी जॉर्ज थॉमस को झज्जर क्षेत्र जागीर के तौर पर वर्ष 1794 में दे दी थी**

# दो शताब्दी पूर्व भी बनाया गया था हरियाणा राज्य



रोचक

यशपाल गुलिया


यह पढ़कर पाठकों को बड़ा आश्चर्य होगा कि लगभग 230 वर्ष पहले भी एक बार हरियाणा नामक स्वतन्त्र राज्य स्थापित किया गया था, जब दिल्ली बादशाह शाहआलम मराठों के संरक्षण में था तो मराठों ने अपने विश्वास पात्रों को जागीर प्रदान की थी। उसी क्रम में उन्होंने अपने एक सैन्य अधिकारी को झज्जर क्षेत्र जागीर के तौर पर वर्ष 1794 में दे दी थी। वह अधिकारी मूल रूप से आयरलैंड वासी जॉर्ज थॉमस था।


झज्जर मुगल काल से ही एक शासकीय परगना बना रखा था। उस आयरलैंड वासी जॉर्ज थॉमस ने झज्जर ग्रहण करते ही कड़ाई से भूमिकर वसूलना आरम्भ कर दिया तथा एक दो-वर्षों में ही अपनी एक सेना गठित कर ली। वर्ष 1795-96 में उसने लगान न देने के कारण बेरी वासियों पर बल का प्रयोग किया। लेकिन बेरी वासियों ने अपनी गढ़ी में इकट्ठे होकर जॉर्ज की सेना के साथ एक दिन का रक्त रंजित युद्ध किया। उसके बाद जॉर्ज ने झज्जर से पांच मील की दूरी पर एक नया किला बनाकर सैन्य शक्ति बढ़ा ली। उस किले का नाम अपने नाम पर जॉर्जगढ़ रखा जहां आजकल जहाजगढ़ गांव बसा हुआ है। फिर जॉर्ज थॉमस एक शक्तिशाली देशी शासक के तुल्य बन गया और अपना क्षेत्र बढ़ाने पर आमादा हो गया। इस प्रकार वह मराठों से भी स्वतन्त्र होने लगा और सैन्य शक्ति के बूते से महम, हांसी, हिसार से भी आगे तक क्षेत्र पर अधिकार कर बैठा। लेकिन झज्जर व बेरी क्षेत्र के निवासियों के उत्पाति तेवर देकर उसने अपना मुख्यालय भी हांसी के प्राचीन किले में स्थापित कर लिया। इस प्रकार जॉर्ज थॉमस ने वर्ष 1797 के आस-पास अपना पूर्णतया स्वतन्त्र राज्य घोषित कर दिया। आयरलैंड की तर्ज पर नये राज्य का नाम ग्रीनलैंड अर्थात हरियाणा रख दिया। इसका क्षेत्र दिल्ली सूबे की सीमा से आरम्भ होकर फतेहाबाद तक 800 गांवों का था। हरियाणा राज्य स्थापित करके जॉर्ज थॉमस ने हांसी को नये राज्य की राजधानी बना लिया। जॉर्ज की जीवनी तथा अन्य अंग्रेजों द्वारा लिखी गई पुस्तकों में तत्कालीन हरियाणा का मानचित्र स्पष्ट दिया गया है। इसमें राजधानी हांसी भी लिखा गया है। हांसी मुख्यालय बनाने के बाद जॉर्ज आस-पास के सिख राज्यों जैसे जीन्द, कैथल व पटियाला तक धावे बोलने लग गया। सिख शासकों के साथ जॉर्ज ने कई बार युद्ध भी किए थे तथा अपने नाम से मुद्रा-सिक्के भी चलाए थे। वर्ष 1799 के आस-पास जॉर्ज ने एक बड़ी सेना इकट्ठी कर ली थी जिसके झज्जर के किले जॉर्जगढ़ व हांसी के किलों में पड़ाव लगाए थे।

स्वयं जॉर्ज ने अपने लिए एक कोठी हिसार में बनवाई थी जो आज तक यथावत है। उस कोठी को जहाज कोठी के नाम से जाना जाता है लेकिन जॉर्ज के इतना शक्तिशाली हो जाने तथा स्वतन्त्र शासक बन जाने पर मराठों को दिल्ली के लिए भी खतरा प्रतीत होने लगा। तब उनके फ्रान्सीसी सेनापति जरनल पैरो ने जॉर्ज पर आक्रमण कर दिया। अक्तूबर 1801 में वर्तमान जहाजगढ़ वाले स्थान पर भीषण युद्ध आरम्भ हो गया।

जॉर्ज थॉमस व उसके तीन यूरोपियन सेनापतियों ने मराठा सेना से महीनेभर तक युद्ध किया। बेरी, मोहम्मदपुर माजरा, पलडा व भारावास की थली क्षेत्र में युद्ध होता रहा। अन्त में जॉर्ज 10 नवम्बर 1801 की रात को हांसी पलायन कर गया। वहां भी मराठा सेना पीछा करती हुई 21 नवम्बर को पहुंच गई। फिर लगभग 15 दिनों तक जॉर्ज ने हांसी में भी युद्ध किया।

अन्ततः दिसम्बर 1801 में हरियाणा के राजा कहलाने वाले जॉर्ज थॉमस ने मराठा सेना के सामने सशर्त समर्पण कर दिया। फिर अपने देश आयरलैंड को जाते हुए मार्ग में ही अगस्त 1802 में ही जॉर्ज का निधन हो गया। आश्चर्यजनक रूप से हरियाणा संस्थापक व उपरोक्त भीषण युद्धों को विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम में शामिल नहीं किया गया। जॉर्ज की भारतीय पत्नी ने उसके साथ आयरलैंड जाने से इनकार कर दिया था। इसलिए अपने बीवी-बच्चों को कुछ धनराशी देकर जॉर्ज बेगम समरु के पास सरधना में छोड़ गया था। वह आयरलैंड के टिपरेरी प्रान्त का मूल निवासी था, जो 1781 में मद्रास पहुंच गया था।



230 साल पहले हरियाणा के राजा जॉर्ज थॉमस तथा उन द्वारा स्थापित हरियाणा का नक्शा। इसमें राजधानी हांसी दिखाई गई है।

# हास्य कला में छिपे हैं समाजोत्थान के संदेश : रेणू दूहन

कलाकार

ओ.पी. पाल

हरियाणा की लोक कला एवं संस्कृति को जीवंत रखने की दिशा में लेखक, लोक कलाकार, गीतकार अलग-अलग विधाओं में अपनी कलाओं की अलख अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जगाने में जुटे हुए हैं। ऐसे ही कलाकारों में युवा महिला कलाकार रेणू दूहन सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों और संस्कृति के साथ सामयिक घटनाओं पर आधारित लेखन तथा लोक कला के प्रदर्शन से खासकर युवा पीढ़ी को नई दिशा देने का प्रयास करती आ रही हैं। कविता के साथ अभिनय, हास्य-व्यंग्य तथा मिमिक्री से पहचान बनाने वाली कलाकार रेणू दूहन ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में कुछ ऐसे पहलुओं का जिक्र किया है, जिसमें उन्होंने समाज कल्याण और संस्कृति के संवर्धन में कलाकारों की अहम भूमिका निभाने का संदेश दिया है। रेणू दूहन का जन्म 17 अक्टूबर 1995 को हिसार जिले के गांव पेटवाड़ में रमेश दूहन और वीना दूहन के घर में हुआ। जब वह पांच साल की थी, तो उनका परिवार जींद आकर रहने लगा। उनके घर में किसी प्रकार का साहित्य या सांस्कृतिक माहौल नहीं था। उनके पिता और भाई व्यापार करते हैं। तीन भाई-बहनो में उसका भी एक लड़के की तरह पालन पोषण किया गया। किसी बात में या कुछ भी करने से पहले उसे कभी यह महसूस नहीं होने दिया कि वह एक लड़की है। इन्हें बचपन से ही लोक अभिनय में अभिरुचि रही, लेकिन उनके परिवार वालों को उनका कला के क्षेत्र में भागीदारी करना अच्छा नहीं लगा। बकौल रेणू दूहन बचपन से ही उन्हें मंच का बहुत शौक था। स्कूल में हर शनिवार को होने वाली बाल सभा में उन्हें एंकर बनाया जाता था। उन्होंने कई बार कविता, निबंध लेखन, नाटक, नृत्य आदि में भागीदारी की। जब वह कालेज में पढ़ रही थी तो उनकी कला को देखकर कई शिक्षिकाओं ने उन्हें इस दिशा में प्रोत्साहित करके मदद की। रत्नावली फेस्टिवल में अपने कॉलेज से वही जाती थी। उसने अपने चाचा की मदद से कविता लिखी, जो राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान पर रही। इससे उनका लोक साहित्य के प्रति आत्मविश्वास बढ़ा। इसी से प्रेरित होकर साल 2015 से उसने लिखना शुरू किया। रेणू दूहन हास्य व्यंग्य और कविताएं भी लिखती हैं तो उनके इस हास्य में भी समाज के लिए कुछ न कुछ ऐसे संदेश छिपे होते हैं जो नशे की तरफ जाते आज के युवाओं को जागरूक करके उन्हें सही राह दिखाने का काम करते हैं। उनके लेखन, अभिनय या फिर हास्य व्यंग्य का फोकस समाज को सकारात्मक ऊर्जा देने की दिशा में ही रहा है, ताकि खासकर युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति की मूल जड़ों से जुड़ी रहे। थिएटर कार्यशाला के अलावा रेणू यूथ फेस्टिवल में भी हिस्सेदारी करती रही हैं और कॉलेज कार्यशाला में नई प्रतिभाओं को भी लोक कला व संस्कृति के प्रति उन्हें प्रशिक्षण देने का काम किया है। इस आधुनिक युग में लोक कला और संस्कृति के सामने आ रही चुनौतियों को लेकर उनका कहना है कि यदि हम समाज के लिए अच्छा नहीं कर रहे या लिख रहे हैं तो हमारी लेखनी का कोई फायदा नहीं।





### ये मिले पुरस्कार

रेणू दूहन को स्कूल व कालेज की शिक्षा के दौरान ही कविता व चुटकुले आदि लिखने और नुक्कड नाटक करने, रंगमंच के लिए राज्य स्तर पर दो बार चुटकुलों के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अभिनय के क्षेत्र में रत्नावली फेस्टिवल में राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से नवाजा गया। निबंध प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार और कविता लेखन में द्वितीय व तृतीय पुरस्कार भी हासिल किए हैं।

### ऐसे मिली करियर को मंजिल

हास्य कलाकार रेणू दूहन ने बताया कि अभिनय के क्षेत्र में वह पहले से ही अभिरुचि रखती थी। उनका पहला यूट्यूब वीडियो बहन-भाई का प्यार रक्षाबंधन को लेकर था, जिसमें उसने बहन का किरदार निभाया। ऐसे वीडियो में वह लगातार बहन की ही भूमिका में अभिनय कर रही हैं। वह कुरुक्षेत्र के रत्नावली, नुक्कड़ नाटक आदि में हिस्सा लेती रही। उन्होंने हरियाणवी फिल्म 'बहू काले की' में बहन का किरदार निभाया है। वहीं, वेबसीरिज डिजिटल ताई के अलावा स्टेज एप पर करीब एक दर्शन स्टैंडअप कॉमेडी शो किए हैं। पांच सालों से वे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव कुरुक्षेत्र में भी अपनी कला के रंग बिखेर रही हैं। स्टेज एप ओटीटी के लिए उनके पहले स्टैंडअप कॉमेडी शो के रिलीज होने के 3-4 दिन में ही उसे लाखों लोगों ने देखा। इससे लोकप्रियता मिली। हास्य कलाकार रेणू दूहन ने साल 2019 में आस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में भी अपनी कला का प्रदर्शन करके हरियाणवी संस्कृति की अलख जगाई है। रेणू का कहना है कि हमारा कंटेंट ऐसा होना चाहिए जो पूरा परिवार एक साथ मिलकर देख सके। कई बार आज का युवा लोकप्रिय होने के लिए कुछ भी करने को तैयार है तो कि बहुत गलत है।

## खबर संक्षेप

### केस करने से खफा पति ने पत्नी पर बोला हमला

**फतेहाबाद।** गांव नहला में एक पति द्वारा पत्नी द्वारा किए गए केस से खफा होकर उस पर हमला कर उसे घायल करने का समाचार है। घायल महिला को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में भूना पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव नहला निवासी कविता ने कहा है कि उसकी शादी करीब 14 साल पहले बीरू नामक युवक के साथ हुई थी। अब उसके पति ने बिन्दु नामक लडक़ी को गैर कानूनी तरीके से शाादी करके रखा हुआ है। इसको लेकर कई बार ग्राम पंचायत के माध्यम से उसके पति को समझाने की कोशिश की लेकिन उसका पति नहीं माना।

### दो बाइकों में टक्कर एक व्यक्ति की मौत

**फतेहाबाद।** गांव अकांवाली के समीप दो मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसकी बेटी और पोता दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं आरोपी मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव अयाल्की निवासी सुमन बाई ने कहा है कि वह अपने पिता प्रताप सिंह व बेटे आशीष निवासी अयाल्की के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर सिरसा जिले के गांव कुतावढ़ से अपने गांव अयाल्की आ रहे थे।

### जिले से दो युवतियों सहित तीन लोग लापता

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों सहित तीन लोगों के लापता होने का समाचार है। तीनों मामलों में परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बोदीवाली निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी करीब 19 साल की लडक़ी गत दिवस डिंग मण्डी स्थित गल्र्ज कॉलेज में जाने की बात कहकर घर से गई थी और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में भट्टूकलां पुलिस ने केस दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### चेयरमैन सोमवार को गांवों में सुनेंगे शिकायतें

**रतिया।** हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन प्रो. रविन्द्र बलियाला सोमवार 24 फरवरी को अनेक गांवों में लोगों की शिकायतें सुनेंगे। इस बारे जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन प्रो. रविन्द्र बलियाला 24 फरवरी को सुबह 10 बजे नागपुर, 11 बजे चंदकोठी, 12 बजे भिरड़ाना, 3 बजे भूथन खुर्द, 5 बजे नथवान में शिकायतें सुनेंगे। चेयरमैन 25 फरवरी को सुबह 11 बजे गांव लाली और दोपहर बाद 3 बजे शेखूपुरिया में शिकायतें सुनेंगे।

---

## हैप्पी स्कूल में गणित, विज्ञान और सामाजिक प्रदर्शनी का आयोजन

# विद्यार्थियों ने तैयार किए चंद्रयान और रेन वाटर हार्वेस्टिंग मॉडल

### बच्चों में छुपी प्रतिभा को पंख लगाना ही शिक्षकों का काम, तीसरी वार्षिक प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हैप्पी पब्लिक स्कूल में तीसरा वार्षिक विज्ञान गणित व सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के सभी बच्चों ने मॉडल तैयार किए व अपने अनुभवों को वर्किंग मॉडल के द्वारा व चार्ट के द्वारा पेपर पर उकेरा। जिसमें वॉटर प्यूरीफायर पॉल्यूशन व किस तरह से चंद्रयान अंतरिक्ष में उड़ाए गए का प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शनी का शुभारंभ प्राचार्य राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूल राजेश भडाना ने दीप प्रज्जवलित करके किया जबकि निर्णायक की भूमिका में संतोष कुमारी बायोलॉजी प्रवक्ता संतोष व फिजिक्स प्रवक्ता प्रदीप कुमार ने निभाई।



हांसी। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए माडलों का निरीक्षण करते राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूल के प्राचार्य राजेश भडाना व अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

#### विद्यार्थियों के मॉडलों को शिक्षकों ने सराहा

उन्होंने बच्चों के हौसला अफजाई के लिए व उनके द्वारा प्रदर्शित किए गए मॉडल के लिए सभी बच्चों व अध्यापकों को उनके कार्य के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर मुख्य अतिथि राजेश भडाना ने बताया कि इस प्रकार के क्रियाकलाप व विषय वस्तु बच्चों को अधिक समय तक याद करने में सहायक होते हैं। उन्होंने बताया कि आज के बच्चे क्रियात्मक कार्य करने में बहुत ही अग्रसर हैं। अध्यापक को तो उनकी छुपी हुई योग्यताओं को पंख लगना होता है।

#### मानसिक व शारीरिक विकास में सहायक

स्कूल के प्राचार्य व डायरेक्टर सुरेंद्र बेरवाल ने बताया की स्कूल पिछले तीन सालों से लगातार इस तरह की प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है और बच्चों को हर तरह से उनके मानसिक व शारीरिक विकास के लिए स्कूल में इस प्रकार के क्रियाकलाप आयोजित किए जाते रहे हैं। सफल आयोजन के लिए स्टाफ व बच्चों को बधाई दी।

#### ये रहे विजेता

उन्होंने बताया कि विज्ञान विषय में प्रथम स्थान प्रियांशु प्रथम, उमंग द्वितीय तथा हिमांशी, तानिया, तनीषा तृतीय स्थान पर रहे। जबकि गणित विषय में नव्या अंजलि प्रथम, हिना द्वितीय तथा मोहित तृतीय स्थान पर रहा। वहीं सामाजिक विज्ञान में खुशवंत दीपांशु प्रथम, दिव्यांशी, निशु, सोनल द्वितीय तथा अरुण, लक्की ओर नितिन तृतीय स्थान पर रहे। वहीं साक्षी, जिया, विवेक, जिगर, कार्तिक, विशाल और लक्ष्य को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

---




हिसार। विजेता छात्र को पुरस्कृत करते डीएवी स्कूल प्राचार्य व अन्य।

## डीएवी स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

- खेलों के साथ विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा सभी का मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

कैमरी रोड स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर चंद्रप्रकाश कंबोज के अतिरिक्त क्षेत्रीय निदेशक अधिकारी सुनीता बहल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। उन्होंने इस खेल दिवस का शुभारंभ ध्वजारोहण से किया तत्पश्चात विद्यार्थियों ने परेड में भाग लिया व विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में विजय प्राप्त की। नन्हे-मुन्हे बच्चों की प्रतियोगिताओं को खूब सराहना मिली। खेल प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज़ की। पंजाबी नृत्य और हरियाणवी नृत्य विशेष आकर्षण के केंद्र बने।

#### बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक

क्षेत्रीय निदेशक अधिकारी सुनीता बहल ने आज के कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर चंद्रप्रकाश कंबोज ने बच्चों को खेल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

---

## डिफाल्टर 6256 उपभोक्ताओं के 189.43 करोड़ रुपये माफ

- चोरी करते पकड़े जाने पर जमा कराए 1.31 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अंत्योदय बिजली बिल माफी योजना के तहत अबतक 6256 उपभोक्ताओं ने बकाया बिजली बिल के तीन करोड़ 72 लाख की राशि जमा करवाई गई है।वहीं उनके बिल के 189 करोड़ रुपये माफ हो गए हैं। इनके अलावा वर्ष 2024 के 18 ऐसे उपभोक्ताओं थे जिन पर बिजली चोरी करने के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई थी। इन उपभोक्ताओं ने भी एक लाख 31 लाख की राशि निगम के खाते में जमा करवा दी है। जबकि उनका एक करोड़ 35 लाख माफ हो गया है। अबतक निगम सर्कल में तीन करोड़ 72 लाख की राशि जमा हो चुकी है। बिजली निगम के अनुसार 107149 से अधिक डिफाल्टर उपभोक्ताओं पर 1477 करोड़ से ज्यादा का बिल बकाया है। जींद सर्कल में तीन लाख 49 हजार से अधिक बिजली के कनेक्शन हैं। जिसमें से जींद डिवीजन में एक लाख 62 हजार 223 कनेक्शन, नरवाना डिवीजन में एक लाख 11 हजार 405 और सफीदों डिवीजन में 74 हजार 950 बिजली के कनेक्शन हैं। अंत्योदय योजना के अनुसार पीपीपी के अनुसार सत्यापित आय प्रति वर्ष एक लाख रुपये तक वाले परिवार इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। वह परिवार बिजली निगम में परिवार पहचान पत्र दिखाकर बकाया बिजली बिल माफ करवा सकते हैं लेकिन उपभोक्ता अभी भी योजना का लाभ उठाने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं।

#### अंत्योदय परिवारों की सुविधा के लिए योजना लाभदायक : हरिदत्त

बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता हरिदत्त ने बताया कि अंत्योदय परिवारों की सुविधा के लिए यह योजना शुरू की हुई है। इसके लिए निगम कार्यालय आकर अपने बिजली बिल का भुगतान करें। पात्र अंत्योदय परिवारों को बकाया राशि का 25 प्रतिशत या 3600 रुपये में से जो भी कम होगा, उसका भुगतान करना होगा।

#### सितंबर 2023 में शुरू हुई योजना

सरकार ने अंत्योदय परिवारों के लिए बिल माफी योजना शुरू की हुई है, जो कि सितंबर 2023 में शुरू हुई थी। इस योजना के तहत जिनकी परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) डाटा के अनुसार सत्यापित आय प्रति वर्ष एक लाख रुपये तक है। यह परिवार बिजली निगम में अपना परिवार पहचान पत्र दिखाकर बकाया बिजली बिल का प्रतिवर्ष 3600 रुपये के हिसाब से जमा करा सकते हैं। इसके लिए लाभार्थियों को अन्य किसी कागजात की आवश्यकता नही है। अधिकारियों के अनुसार भले ही पात्रों के बिजली का कनेक्शन चालू है या कटा हुआ है। 12 महीने की बिजली की औसत मासिक खपत 150 यूनिट तक है अथवा इतनी खपत थी। दो या दो से अधिक बिलिंग चक्र का बिजली का बिल नहीं भरने वाले गरीब उपभोक्ता भी इस योजना के लाभ पात्र हैं। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने अंत्योदय परिवारों के बिजली के बिल माफ करने की योजना प्रार्थी यह राशि एकमुश्त या ब्याज रहित छह किश्तों में जमा करवा सकता है। कटे हुए कनेक्शनों की स्थिति में यदि कनेक्शन छह महीने के अंदर-अंदर कटा है तो यह कनेक्शन पूरी राशि के भुगतान या पहली किस्त के भुगतान पर जोड़ दिया जाएगा।

---

## गैस टैंकर से 960 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआईए स्टाफ नरवाना ने गांव डूमरखां कलां के निकट जींद रोड पर गैस टैंकर से 960 पेटी अंग्रेजी शराब की बरामद की है। शराब को पंजाब से राजस्थान ले जाया जा रहा था। सदर थाना पुलिस ने टैंकर चालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम, धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि गैस टैंकर में पंजाब से तस्करी कर राजस्थान ले जाया जा रहा है। जहां से उसे दूसरे राज्यों में भेजा जाएगा। गैस टैंकर वाया जींद आगे जाएगा। सूचना के आधार पर पुलिस ने गांव डूमरखां कलां के निकट जींद रोड पर नाकेबंदी कर पंजाब की तरफ से आने-जाने वाले वाहनों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद राजस्थान नंबर का गैस टैंकर पंजाब की तरफ से वहां पर आया।




जींद। पकड़ी शराब के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो :हरिभूमि

पुलिस कर्मियों ने टैंकर को रोक कर उसके गैस चैंबरों की तलाशी ली तो 960 उसमें पेटी अंग्रेजी शराब भी पाई गई।

पुलिस पूछताछ में चालक की पहचान गांव भादरेस जिला बाड़मेर राजस्थान निवासी बांकाराम के रूप में हुई। चालक से जब शराब से संबंधित दस्तावेज मांगे तो वह दिखाने में नाकाम रहा। शराब की बोतलों पर सेल ओनली पंजाब लिखा हुआ था लेकिन शराब पेटियों से मैन्यूफैक्चर डेट तथा बैच नंबर को मिटाया गया था। सदर थाना पुलिस ने गैस टैंकर चालक बांकाराम के खिलाफ आबकारी अधिनियम, धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ प्रभारी सुखदेख ने बताया कि सूचना के आधार पर गैस टैंकर से भारी मात्रा में शराब बरामद की है। जिसे पंजाब से तस्करी राजस्थान ले जाया जा रहा था। आरोपित से नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है।

### पेयजल समस्या के समाधान के लिए बिछाई नई लाइन

**चरखी दादरी।** वार्ड 11 वाल्मीकि नगर में पेयजल समस्या के चलते नागरिकों द्वारा नई पेयजल लाइन बिछवाने की मांग को लगातार उठाई जा रही थी। बस्ती के अंदर पिछले कुछ वर्षो से बढ़ी जनसंख्या के अनुपात में पेयजल की सप्लाई काफी कम हो रही थी, जिससे नागरिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। क्षेत्र की समस्या को ध्यान में रखते हुए पार्षद विनोद वाल्मीकि लगातार विधायक सुनील सांगवान व जिला प्रशासन से संपर्क कर समस्या के समाधान के लिए काम कर रहे थे। विधायक सांगवान ने नागरिकों की समस्या को गंभीरता से लिया व नई लाईन बिछवाने के लिए जिला प्रशासन व सरकार के समक्ष बात रखी।

---

## 37वीं जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन द्वारा गांव कलिंगा स्थित श्रीबालाजी स्कूल में रविवार से चार दिवसीय 37वीं जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप का आगाज हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्यतिथि महंत मायानंद सरस्वती पहुंची। प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि के तौर पर नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव विजेंद्र सिंह दहिया, नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की अध्यक्षा सुमन कौशिक, नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की टूर्नामेंट कमेटी के कन्वीनर लक्ष्मण दातीर, चंडीगढ़ नेटबॉल एसो. के अध्यक्ष विकास पहुंचे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का परिचय लेते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाया। हरियाणा नेटबॉल एसो. की महासचिव दहिया ने बताया कि चार दिवसीय चैंपियनशिप 26 फरवरी तक जारी रहेगी। उन्होंने ट्रायल के दौरान लड़कों की टीम के लिए शिव कैथल, दीपांशु जींद, किशितज रोहतक, जय सोनीपत, दिव्य भिवानी, मोहित सिसाना, शिवम रोहतक, अंकित सोनी, देव सोनीपत, योगेश कैथल, सौरभ सोनीपत, आयुष रोहतक का चयन किया गया। लडक़ों की टीम के कोच सुमित व मैनेजर सिद्धार्थ रहेंगे।



## महाशिवरात्रि 26 फरवरी को, 60 साल के बाद बना दुर्लभ ग्रह योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भगवान शिव के भक्तों के लिए इस बार की महाशिवरात्रि काफी विशेष होने वाली है। 26 फरवरी को इस बार जो महाशिवरात्रि आएगी, उसमें 60 साल बाद दुर्लभ योग बन रहे हैं। वर्ष 1965 के बाद यह दूसरा मौका है, जब महाशिवरात्रि धनिष्ठा नक्षत्र, परिघ योग, शकुनी करण और मकर राशि के चंद्रमा की उपस्थिति में आ रही है। इस दिन चार प्रहर की साधना से शिव की कृपा प्राप्त होगी। श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी सोनू शर्मा ने बताया कि वर्ष 1965 में जब महाशिवरात्रि का पर्व आया था, तब सूर्य, बुध और शनि कुंभ राशि में गोचर कर रहे थे। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि को भी मकर राशि के चंद्रमा की उपस्थिति में यही तीन ग्रह युति बनाएंगे। सूर्य और शनि पिता-पुत्र हैं और सूर्य शनि की राशि कुंभ में रहेंगे। यह एक विशिष्ट संयोग हैं, जो लगभग एक शताब्दी में एक बार बनता है।

#### सूर्य-बुध के त्रिकोण का मिलता है लाभ

पंडित सोनू शर्मा के अनुसार पराक्रम और प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिए सूर्य-बुध के केंद्र त्रिकोण योग का बड़ा लाभ मिलता है। इस योग में विशेष प्रकार से साधना और उपासना की जानी चाहिए। इस दिन सुबह से ही मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ जमा हो जाती है। सभी भक्त प्रभु की पूजा-अर्चना में जुट जाते हैं। कई लोग इस दिन अपने-अपने घरों में रुद्राभिषेक भी करवाते हैं। भगवान भोलेनाथ की कई प्रकार से पूजा अर्चना की जाती है।

---

## मिशनः जलघर में चलाया सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद से निरंकारी सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के 71वें जन्मदिवस को स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया गया। फाउंडेशन द्वारा निरंकारी सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के द्वारा दिए गए संदेश, प्रदूषण बाहर हो या अंदर दोनों हानिकारक हैं और इसके लिए स्वच्छता बहुत जरूरी है, को व्यवहारिक रूप देने के लिए प्रति वर्ष निरंकारी सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के जन्मदिवस को सफाई अभियान व पौधारोपण दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इसी के तहत रविवार को निरंकारी मिशन हिसार के अनुयायियों ने हिसार के इंचार्ज संजय खुराना के नेतृत्व में महावीर कॉलोनी स्थित जलघर परिसर में प्रातः सात बजे से 10 बजे तक सफाई अभियान चलाया। सफाई अभियान के बाद सत्संग का आयोजन किया गया और साध संगत ने प्रीतिभोज किया। अभियान में हिसार के सैकड़ों अनुयायियों ने भाग लिया। इंचार्ज संजय खुराना ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा आज देशभर में 730 जिलों में यह अभियान चलाया गया, जिसमें लाखों सेवादारों ने भाग लिया। इस दौरान भिवानी जोन इंचार्ज बलदेव नागपाल, क्षेत्रीय संचालक विजय कुमार शर्मा, ओमप्रकाश व प्रवक्ता रमेश चुघ आदि भी मौजूद रहे।

---

### जयपाल बने जनवादी लेखक संघ के प्रदेश अध्यक्ष

# उर्दू को धर्म से जोड़कर प्रचारित करना गलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जनवादी लेखक संघ हरियाणा का आठवां दो दिवसीय राज्य सम्मेलन जाट धर्मशाला में हुआ। इसकी अध्यक्षता जयपाल, डॉ. रणबीर सिंह दहिया, प्रोफेसर प्रमोद गौरी व मंगतराम शास्त्री ने संयुक्त रूप से की जबकि संचालन सरदानंद राजली ने किया।

सम्मेलन के समापन सत्र में लेखक, कवि, पत्रकार, साहित्यकार और विद्वानों के बीच दो दिन विचार-विमर्श के बाद हरियाणा की 27 सदस्यीय नई राज्य कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। इसके अलावा 9 सदस्यों का सचिव मंडल जिसमें सर्वसम्मति से जयपाल को प्रदेशाध्यक्ष, सरदानंद राजली को महासचिव और सुशीला बहबलपुर को कोषाध्यक्ष चुना गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मा. रोहतास व उपाध्यक्ष ओमप्रकाश, करुणेश व मनजीत राठी को चुना गया। सहसचिव मास्टर मंगतराम शास्त्री, मनीषा और विनोद सिल्ला को चुना गया। सदस्यों में शिद्धकी अहमद, प्रोफेसर प्रमोद गोरी, दीपक वोहरा, नरेश, प्रेरणा, अनुपम शर्मा, भगवत सेठी, वीबी अबरोल, डॉ. आरएस दहिया, डॉ. मानसिंह, कर्मचंद, केसरराम, मेहर खरब, गुरुबख्स मोंगा, ऋषिकेश राजली, सुरेखा, राजेश दलाल चुने गये। इसके अलावा 51 लोगों की राज्य परिषद चुनी गई है।



हिसार। जनवादी लेखक संघ के सम्मेलन में उपस्थित पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए जलेस के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव डॉ. संदीप मील ने कहा कि जनवादी लेखक संघ हिंदी और उर्दू लेखकों का संगठन है। आज सत्ता द्वारा उर्दू भाषा को धर्म की भाषा के रूप में प्रचारित किया जा रहा है जो इस देश के लिए किसी भी सूरत में ठीक नहीं है। हमें अपनी लोक भाषाओं को बचाने का प्रयास करना होगा। हरियाणा की धरती पर लेखकों का इस प्रकार इकट्ठा होना सत्ता के लिए बेचैनी हो सकती है क्योंकि सरकार कलम पर पहरा लगाना चाहती है। जिसमें चार प्रस्ताव पास किए गए। भारतीय समाज में वैज्ञानिक सोच पर हो रहे हमलों का विरोध करें, आधी आबादी शोषण के खिलाफ, दलित उत्पीडऩ व हिंसा के खिलाफ, सांप्रदायिकता के खिलाफ, बहुलतावाद को पोषित करने का संकल्प दोहराएं। इस मौके पर मनजीत मानवी का हिंदी कविताओं का चौथा संकलन आवाज परवाज एवं डॉ. कपिल भारद्वाज का दूसरा कविता संग्रह बोने प्रहसन का विमोचन किया गया।

## खबर संक्षेप

### सैनियान मोहल्लाः सीएम का सम्मान समारोह आज

**हिसार।** मुख्यमंत्री नायब सिंह 24 फरवरी को सैनियान मोहल्ला में आयोजित एक जनसभा में पहुंच रहे हैं जहां पर उनका भव्य स्वागत किया गया जाएगा। कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री दोपहर तीन बजे सैनी हथाई चौक मोहल्ला सैनियान में पहुंचकर जनसभा को संबोधित करेंगे। समाजसेवी एवं भाजपा नेता रामनिवास राड़ा ने बताया कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा उनके सभी साथियों व समर्थकों को भाजपा में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम भव्य होगा और इसमें भारी संख्या में समर्थक, कार्यकर्ता एवं शहरवासी मौजूद रहेंगे। राड़ा ने कहा कि जिस प्रकार से हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है उसी प्रकार मेयर की कुर्सी पर भी फिर से भाजपा के उम्मीदवार का बैठना निश्चित है।

### पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष की माता का निधन

**बरवाला।** वार्ड 3 गणपति चौक निवासी भाजपा मंडल पूर्व अध्यक्ष महेश शर्मा की माता लगभग 82 वर्षीय संतोष देवी का निधन हो गया। उनके निधन पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, माटी कला बोर्ड चेयरमेन ईश्वर मालवाल, पूर्व विधायक वेद नारंग व नगरपालिका चेयरमेन रमेश बैटरीवाला समेत अनेक धार्मिक, सामाजिक व राजनैतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनके आवास पर पहुंचकर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### अमेरिका से मिले फंड पर जवाब दे भाजपाः खोवाल

**हिसार।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चार दिन में चौथी बार भारतीय चुनाव में फंडिंग की बात दोहराने से भारतीय जनता पार्टी कटघरे में आ गई है। वोटर टर्नआउट के नाम पर अमेरिका से मिले 2.1 करोड़ डॉलर ( 182 करोड़ रुपये ) पर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने गहरा रोष जताया है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि ट्रंप ने स्पष्ट रूप से कहा है कि मेरे मित्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत को वोटर टर्नआउट के लिए 2.1 करोड़ डॉलर दिए गए। उन्होंने कहा कि ट्रंप के बयान से स्पष्ट हो गया है कि स्वदेशी व देशभक्ति की बड़ी-बड़ी बातें करने वाली भाजपा को चुनावों में कहां से फंडिंग होती है। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि भाजपा द्वारा अकूत धन का चुनाव में किस तरह से इस्तेमाल किया जाता होगा। इस मामले में भाजपा सरकार बचने की कोशिश करने की बजाय सामने आकर स्पष्टीकरण देना चाहिए। पीएम नरेंद्र मोदी को श्वेत पत्र जारी करके इस धन का हिसाब जनता के सामने रखना चाहिए।

### विश्व के सबसे बड़े, ऊंचे व चौड़े आकार वाले महामृत्युंजय यंत्र की परिक्रमा की

# प्रयागराज में महामृत्युंजय यंत्र के यूपी विप के अध्यक्ष व सदस्यों ने किए दर्शन

■ स्वामी सहजानंद ने बताया कि इस यंत्र के दर्शन से व्यक्ति का आत्मबल बढ़ने के साथ ही जन्म कुंडली के ग्रहों के दोष दूर होते हैं

हरिभूमिन्यूज ▶▶| हिसार

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ में सेक्टर-22 स्थित सिद्ध महामृत्युंजय यंत्र के दर्शनों के लिए आमजन के साथ देश-विदेश से अति विशिष्ट लोगों का आगमन जारी है। प्रयागराज कुंभ परिसर में 55वें दिन उत्तर प्रदेश विधान परिषद के अध्यक्ष कुंवर मानवेंद्र सिंह, विधान परिषद के सदस्य रजनीकांत माहेश्वरी व वंदना वर्मा, उत्तर प्रदेश विधान परिषद के विशेष सचिव पीएन द्विवेदी, वरिष्ठ निजी सचिव धर्मेंद्र सिंह, ज्वाइंट सेकेटरी नीरज गर्ग, उत्तर प्रदेश सहकारी आवास संघ के पूर्व चेयरमैन मुदित वर्मा ने विश्व के सबसे बड़े 52 गुणा 52 फुट ऊंचे व चौड़ आकार वाले



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित उप्र विधान परिषद के अध्यक्ष कुंवर मानवेंद्र सिंह, स्वामी सहजानंद व सद्गुरु मां उषा।

आलौकिक महामृत्युंजय यंत्र की परिक्रमा की और आरती में भाग लिया। इस दौरान उप्र विधान परिषद के अध्यक्ष समेत अन्य सदस्यों के परिवारजन भी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने महामृत्युंजय यंत्र के समक्ष आरती के बाद पूरे देश में शांति की प्रार्थना की। इससे पहले सिद्ध महामृत्युंजय संस्थान के संस्थापक एवं महामृत्युंजय चालीसा के रचियेता स्वामी सहजानंद सरस्वती ने अतिथियों का रुद्राक्ष की माला भेंट की जबकि संस्थान की चेयरपर्सन सद्गुरु मां उषा ने आए अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जनप्रतिनिधियों ने स्वामी सहजानंद से महामृत्युंजय साधना को सीखा।

विदित हो कि प्रयागराज में महामृत्युंजय यंत्र श्रद्धालुओं की आस्था और आकर्षण का केंद्र बना है। प्रतिदिन महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया जा रहा है। इसके अलावा 11,11,111 पंचमुखी रुद्राक्षों को अभिमंत्रित कर निशुल्क वितरित किया जा रहा है। चेयरपर्सन सद्गुरु मां उषा की देखरेख और श्रद्धालुओं के सहयोग से प्रयागराज में सेक्टर-22 में पिछले 55 दिनों से अनवरत रुद्र यज्ञ एवं अटूट भंडारा चल रहा है। इस अवसर एलआइसी के वरिष्ठ अभिकर्ता राजेश सिंह, झांसी भाजपा के महामंत्री सुधीर सिंह आदि उपस्थित रहे। स्वामी सहजानंद ने बताया कि महामृत्युंजय यंत्र की उपासना करने का अद्भुत प्रभाव होता है। यंत्र की पूजा से भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है। जिससे जीवन में सुख, समृद्धि और शांति आती है। महामृत्युंजय यंत्र मृत्यु का भय दूर करता है। स्वामी सहजानंद ने बताया कि इस यंत्र के दर्शन से व्यक्ति का आत्मबल बढ़ने के साथ ही जन्म कुंडली के ग्रहों के दोष दूर होते हैं। व्यक्ति को आसपास की नेगेटिव शक्तियों से सुरक्षा मिलती है।


हिसार। भीख नहीं किताब दो संस्था में आयोजित योग कक्षा में भाग लेते छात्र।

## योग एवं यज्ञ से होता प्राणी मात्र का कल्याण : ईश आर्य

**हिसार।** प्रतिदिन योग व यज्ञ करने से प्राणियों का कल्याण होता है। इसलिए मनुष्य को प्रातः काल ब्रह्म वेला में योग करके हवन भी अवश्य करना चाहिए। यह बात योग ऋषि महर्षि दयानंद के 201वें जन्म उत्सव के अवसर पर तलवंडी राणा गांव में स्थित भीख नहीं किताब दो संस्था के बच्चों को आठ दिवसीय योग प्रशिक्षण एवं संस्कार शिविर के समापन अवसर पर पतंजलि योग समिति हरियाणा के राज्य प्रभारी ईश कुमार आर्य ने कही। उन्होंने संस्था के विद्यार्थियों को महर्षि दयानंद की जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महर्षि ने विपरीत परिस्थितियों में विश्व को सही दिशा दिखाने का कार्य किया। उन्होंने वेद की शिक्षा प्राप्त करने, नारी शिक्षा, नारी सम्मान आदि को आगे बढ़ाने तथा बाह्य आडंबरों को छोडक़र सच्चे ईश्वर की पूजा करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिदिन योग एवं यज्ञ करने का भी आह्वान किया।

### हर व्यक्ति को योग से जोडऩा ही पतंजलि परिवार का लक्ष्य, किए जा रहे प्रयासः वीरेंद्र बडाला

पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी वीरेंद्र बड़ाला ने आठ दिवसीय योग शिविर के समापन अवसर पर बच्चों को यौगिक-जॉगिंग, सूर्य नमस्कार, भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, उद्गीथ आदि का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को योग से जोडऩा ही पतंजलि परिवार का उद्देश्य एवं लक्ष्य है क्योंकि योग के बिना हम पूर्ण रूप से स्वस्थ व आनंदमय जीवन नहीं जी सकते। योग ही जीवन का आधार है, योग हमारा प्राण आधार है। इस ध्येय वाक्य को चरितार्थ करने की अत्यंत आवश्यकता है। आज संसार में अधिकतम व्यक्ति निराशा, हताशा, कुंठा एवं तनाव से ग्रस्त होकर जीवन जी रहे हैं। इन सबको इन व्याधियों से मुक्त करने का एकमात्र उपाय योग है। मुख्य योग शिक्षक नरेंद्र कुमार ने भी विद्यार्थियों को अनेक प्रकार के बैलेंसिंग पोज सिखाए तथा उन्होंने चक्रासन, ताड़ासन, पश्चिमोत्तानासन, पादहस्तासन, चक्रासन, वृक्षासन आदि का भी अभ्यास करवाया।

## प्रभात फेरी में शिव की महिमाओं का किया गुणगान

**बरवाला।** मेन बाजार चौक में स्थित श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर द्वारा 26 फरवरी को होने वाले शिवरात्रि महोत्सव को लेकर निकाली जा रही प्रभात फेरी के चौथे दिन शिव की महिमाओं का गुणगान किया गया। इस दौरान वार्डवासियों को 26 फरवरी को होने वाले शिवरात्रि महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया गया। प्रधान मदनलाल गिरधर व संचालक सतीश काठपाल ने बताया कि प्रभात फेरी वार्ड 3, 4, 8,10 व 11 से होते हुए वापस अपने गंतव्य पर पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया। 26 फरवरी को होने वाले शिवरात्रि महोत्सव में पटियाला से आई भक्ति सागर टी-सीरीज कलाकार वीणा ने शिव की महिमाओं का प्रवचनों व भजनों से गुणगान करेंगी। इस मौके पर जेके चानना, मदन लाल गिरधर, सतीश पठनेजा, पुनीत सरदाना, विजय बब्बर, सतीश काठपाल, राजू शर्मा, अनु भाटिया व मदन पोपली मौजूद रहे।

## श्री श्याम मंदिर बरवाला से बीड़ बबरान धाम के लिए 15वीं ध्वजा पैदल यात्रा रवाना

**बरवाला।** श्री श्याम मंदिर बरवाला के तत्वावधान में 15वीं विशाल पैदल ध्वज यात्रा श्री श्याम मंदिर बरवाला से श्री श्याम मंदिर बीड़ बबरान धाम के लिए रविवार प्रातः रवाना हुई। मंदिर के प्रवक्ता अनूप गोयल ने बताया कि बरवाला शहर से करीब 1100 के लगभग निशान श्याम मंदिर से उठाए गए। इस यात्रा में बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार का रथ और लाइव झांकी आकर्षण का केंद्र रही। जय श्री श्याम के उद्घघोषो के साथ बरवाला शहर के श्याम प्रेमी निशान लेकर बीड बबरान धाम पहुंचे। बीच रास्ते में निशान यात्रा में शामिल इन श्याम प्रेमियों का स्वागत किया गया। यात्रा में श्री श्याम प्रेमियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। श्री श्याम मंदिर सेवा समिति की पूरी टीम ने यात्रा की व्यवस्था को बेखूबी संभाला। इस मौके पर मंदिर कमेटी प्रधान रोशन घनघस, विनोद मित्तल, अनूप गोयल, अनुज सरदाना, ओम प्रकाश रहेजा, आशु आनंद, मोनू शर्मा, सतपाल वर्मा, अंकित बंसल, कमल गोयल, कुलदीप घोड़ेला, अजय मनोचा, संदीप शर्मा, सुंदर संदलाना, राजमल सेन, राजेंद्र मौर्य, लाला राम मोरिया, नथूराम, जॉनी सरदाना, रवि नागपाल व राजू समेत मंदिर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# अपना कीर्तन परिवार हिसार की पहली विशाल व भव्य निशान यात्रा आयोजित

हरिभूमिन्यूज ▶▶| हिसार

अपना कीर्तन परिवार की ओर से पहली विशाल व भव्य निशान यात्रा का आयोजन रविवार को किया गया। यह पावन यात्रा बुधला संत मंदिर, सेक्टर-14 से प्रारंभ होकर श्री श्याम मंदिर, सेक्टर-16-17 तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेक्टर 14 में निशान यात्रा शुरू करने से पहले बुधला संत मंदिर में पूजा-अर्चना की गई और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इसके बाद सभी भक्तों को बाबा श्याम के निशान बांटें गये और सभी भक्त


हिसार। अपना कीर्तन परिवार की पहली निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

निशान यात्रा में शामिल हुए। संस्था के संस्थापक सुशील गर्ग ने बताया कि यह निशान यात्रा पूर्णतः भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुई। श्रद्धालु बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए, रेशमी निशान थामे, गुलाल उड़ाते और भजन-कीर्तन करते हुए पैदल यात्रा में शामिल हुए। पूरे मार्ग में भक्तगण नाचते-गाते हुए बाबा के रंग में रंगे नजर आए। यात्रा के उपरांत बाबा के चरणों में निशान अर्पित किए गए और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस यात्रा में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित सैकड़ों श्याम भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बस सेवा की भी विशेष व्यवस्था की गई, जिससे भक्तगण आसानी से वापस लौट सके। आयोजन में सुशील गर्ग, सतबीर यादव, सीए कोमित बंसल, बजरंग भरद्वाज, अनिल डाबडा, विनोद मित्तल, हरीश कुमार, पूजा गर्ग, कुसुम बंसल, सारिका सिंगल, मंजू मंगल और अन्य श्याम प्रेमियों का विशेष सहयोग रहा।

# चुनावी माहौल के बीच 'हमार प्यार हिसार' ने जारी रखा शहर को सुंदर बनाने का अभियान

हिसार

इन दिनों जहां पूरा शहर चुनावी माहौल से गरमाया हुआ है और उम्मीदवारों ने हर सार्वजनिक स्थल को फ्लैक्स और पोस्टरों से पाट दिया है, वहीं 'हमारा प्यार हिसार' की टीम एक बार फिर शहर को सुंदर बनाने के अभियान पर निकली।

रविवार को टीम ने पीएलए की लंबी दीवार पर सुंदर कलाकृतियां बनाने का कार्य जारी रखा। कुछ कलाकार साथियों ने पक्षियों, तितलियों और फूलों की सुंदर ड्राइंग बनाई तो कुछ ने उनमें रंग भरने का कार्य किया। इस दौरान महिलाओं व बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। अभियान में सुशील खरींटा, डॉ.


हिसार। पेंटिंग करते हमारा प्यार हिसार के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

सुरेंद्र गर्ग, प्रो. हरीश भाटिया, मंजू पूनिया, कमल भाटिया, जितेंद्र बंसल, गगन मेहता, ममता छाबड़ा, सचिन, सुहासिनी, अनिल भाटी, ममता भाटी, सुमन ऐरन, विजय कादियान, दीप्ति कादियान, दीपिका, अनुराग परवाल, रमेश वर्मा, दिनेश बंसल, मंदीप पुनिया, नितिन गोयल, बंटी, ईशा बिष्ट, एकता, पूर्वी बंसल, वैशाली, अभीर, आरना, वेदांकुर, रिमछा, नील, हितिषा व पार्थ शामिल हुए।

# नसीब वैद बने वाल्मीकि आर्मी के प्रदेशाध्यक्ष



हिसार। नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष नसीब का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमिन्यूज ▶▶| हिसार

अंतरराष्ट्रीय वाल्मीकि आर्मी ने सामाजिक उत्थान और संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में इंटरनेशनल वाल्मीकि आर्मी के तत्वधान में शोलन (हिमाचल प्रदेश) से आए एक सो आठ करोड़ श्लोक रचना तत्वज्ञ ऋषि पशवरज्ञ व इंटरनेशनल वाल्मीकि आर्मी के संस्थापक एवं इंटरनेशनल प्रवक्ता जय भगवान जीनवाल ने नशीब वैद को नियुक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति पर समाज के लोगों ने संस्था का धन्यवाद किया।

नसीब वैद को इस पद पर सम्मानित किए जाने के उपलक्ष्य में एक भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा। समाज की सेवा और उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय भगवान ने नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नसीब कुमार की काबिलियत और समाज सेवा में उनके योगदान की सराहना की। इस मौके पर ही राजेंद्र लेक्चरर, बलविंदर लेक्चरर, राजेन्द्र ढाका, बलबीर सिंह, शीशपाल सिंह, सूरजभान प्रधान आदि अनेक संख्या में लोग मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

### दो बाइकों में टक्कर एक व्यक्ति की मौत

**फतेहाबाद।** गांव अकांवाली के समीप दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसकी बेटी व पोता गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ठसका में पत्नी की याद में रक्तदान शिविर निःशुल्क मेडिकल कैंप का किया आयोजन

हरिभूमिन्यूज ▶▶| हिसार

नजदीकी गांव ठसका में रक्तदान शिविर व फ्री मेडिकल कैंप लगाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जयपाल ढाका ने अपनी पत्नी स्वर्गीय कविता देवी ढाका की याद में करवाया। इसमें सिविल अस्पताल की ब्लड बैंक की टीम ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. मनोज ढाका, महावीर चौधरी उर्फ बबलू व ढाका परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल ढाका मौजूद रहे। इस कैंप में ग्रामवासियों व मित्रों के सहयोग से 109 यूनिट रक्त एकत्रित किए गए जो कि भविष्य में सिविल अस्पताल की तरफ से जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने में सहायक होगी। इस मौके पर सरपंच अजमेर, पूर्व सरपंच रामपत, पूर्व निदेशक महेंद्र पायल, सरपंच चुली बागड़ियान विनोद बेनीवाल, पूर्व सरपंच रोशन, महावीर ढाका, लाला पायल, होशियार सिंह ढाका, रामभक्त ढाका, रणधीर ढाका, सतपाल, सीताराम धतरवाल, मनदीप पूनिया, सतपाल ढाका सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



हिसार। रक्तदान करते वालों को सम्मानित करते अतिथि व आयोजक।

### सभी फ़र्ज निभाकर मानव बना महान : करुणा मुंजाल

# महिला काव्य मंच हिसार इकाई ने किया ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन

■ कवियों ने अपनी कविताओं से नशे व कुरीतियों पर किया प्रहार

हरिभूमिन्यूज ▶▶| हिसार

महिला काव्य मंच की हिसार इकाई की ओर से ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी में महिला काव्य मंच की प्रदेश अध्यक्ष सीमा शर्मा की विशिष्ट अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति रही जबकि गोष्ठी की अध्यक्षता एवं मंच संचालन मंच की अध्यक्ष पूनम मनचंदा ने किया।

मां शारदे को नमन के उपरांत कवयित्री करुणा मुंजाल ने अपनी रचना 'रहे व्यस्त, न हो अस्त व्यस्त, यत्र तत्र सर्वत्र कारोबार का जहान है,सभी फ़र्ज निभाकर मानव बना महान है' सुनाकर सबकी प्रशंसा पायी। कवयित्री डॉ प्रज्ञा कौशिक ने अपनी कविता 'वे मौन थे लेकिन कौन थे नहीं था किसी को भी मालूम पर हैरान सभी थे देख कर उनको मौन' सुनाकर सभी की वाह वाही पाई। कवयित्री डॉ. दविना अमर ठकराल की रचना 'बिखरे पलाश फूल हैं, सुंदर है आभास, चटक रंग कलियां खिली, आया है मधुमास' की सभी ने बहुत तारीफ़ की। कवयित्री स्नेह प्रेमचंद ने अपनी रचना 'गुरु हो गर सोने सा, शिष्य कुंदन सा बन जाता है, गुरु तो वह पारस है, जो पत्थर को सोना बनाता है' सुनाकर गुरू महिमा का बखान किया। कवयित्री डॉ. सुनीता जनावा ने अपनी कविता 'ये मौसम भी यूं ही गुजर जाएंगे, लौट के पल फिर से हसीं आएंगे' प्रस्तुत कर समां बांधा। कवयित्री डिम्पल सैनी ने 'कभी कभी ये पांव रुक जाते हैं समय की धार के साथ, हम बेरंग पानी से नज़र आने लगते हैं' सुनाकर सभी की तालियां पाई।

कवयित्री नीलम सुंडा ने नशे की लत पर अपनी रचना 'वो एक अबोध सी बच्ची हंसते खेलते बड़ी हो रही थी' के माध्यम से सबकी सराहना पाई। कवयित्री अरुणा आहूजा ने अपनी कविता 'बुलंद रख तेरे इरादे, नामुमकिन से कर न वादे' सुनाकर सभी का दिल जीत लिया। कवयित्री सीमा शर्मा ने एक गीतिका 'फागुनी बौछार पड़ती, गीत गाये कोकिला ने, रंग बरसा है जहां में, आम पर भी बोर आया' सुनाकर रंग जमाया। मंच की सचिव कवयित्री उषा ठकराल ने देशभक्ति से ओत प्रोत रचना से सभी के मनों को झंकृत किया। डॉ. गीतू धवन ने अपनी रचना 'हदें हज़ार हैं बंदिशें बेशुमार हैं, पहरे हज़ार हैं जुम्बिशें बेशुमार है' सुना बेहतरीन प्रस्तुति दी। कवयित्री दीपिका राठी की बेटियों पर रचना 'बेटी घर की शान है मानो तो तुम अभिमान है' को सभी ने खूब सराहा। कवयित्री जिया सोनी ने अपनी सामयिक रचना 'चलो मन से चलें महाकुंभ में, गंगा यमुना सरस्वती के संगम में' सुनाकर सबकी तारीफ पाई। कवयित्री पूनम मनचंदा ने 'फाल्गुन में होली आती है जो दिल से दिल मिलवाती है, अपने साजन को रंग लगा गोरी भी तो शरमाती है' सस्वर सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। मंच की उपाध्यक्ष डिम्पल सैनी ने उपस्थित सभी कवयित्रियों का काव्य सरिता बहाने पर आभार व्यक्त किया।